लखनऊ से गाजियाबाद ग्रीन एक्सप्रेसवे बनेगा

गाजियाबाद | कार्यालय संवाददाता

गाजियाबाद से लखनऊ के बीच नया ग्रीन एक्सप्रेसवे बनाया जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को इसकी घोषणा की।

गडकरी डासना स्थित ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे के इंटेलीजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम की मॉनिटरिंग सेंटर बिल्डिंग का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इस कंट्रोल रूम से एक्सप्रेसवे की निगरानी होगी ताकि सड़क हादसों में कमी लाई जा सके।

दूसरा चरण कानपुर से गाजियाबाद तक : उन्होंने बताया कि एक्सप्रेसवे निर्माण का पहला चरण लखनऊ से कानपुर के बीच होगा। दस दिन में इसका शिलान्यास होगा। दूसरा चरण कानपुर से गाजियाबाद तक रहेगा।

कानुपर तक एलिवेटेड होगा : गाजियाबाद-कानपुर खंड में बनने वाला ज्यादातर काम एलिवेटेड होगा। जहां बड़े शहर होंगे वहां बाईपास बनाकर एक्सप्रेसवे को जोड़ा जाएगा।

सबसे वजनी ओवरब्रिज : गडकरी ने लाल कुआं के पास चिपियाना पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का निरीक्षण किया। यह आरओबी एशिया का सबसे वजनदार है।



150 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं एक्सप्रेसवे पर निगरानी के लिए

15 मिनट के भीतर चिकित्सकीय सेवा मिल सकेगी हादसा होने पर

औद्योगिक इकाइयां शिफ्ट होंगी

गडकरी ने कहा, दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण से लोगों का बुरा हाल है इसलिए आबादी वाले क्षेत्रों में चल रही औद्योगिक इकाइयां शिफ्ट की जाएंगी।

यूपी में काम होंगे पेज 13